Australian Government
AUSTRAC

# तथ्य पत्र

## AUSTRAC के साथ रजिस्टर करना – मनी ट्रांसफर सेवाएँ प्रदान करने वाले व्यापार

***यदि आप एक ऐसे व्यापार का संचालन करते हैं जो उपभोक्ताओं को किसी दूसरी जगह पैसे भेजने में मदद करता है, जैसे कि विदेश में अपने परिवार और मित्रों को पैसे भेजना, तो हो सकता है कि आप मनी ट्रांसफर सेवा प्रदान कर रहे हों, जिसे प्रेषण सेवा (रिमिटेंस सर्विस) भी कहते हैं।***

### किसे रजिस्टर करना चाहिए?

प्रेषण सेवा प्रदान करने वाले व्यापारों के लिए यह आवश्यक है कि वे **AUSTRAC के साथ रजिस्टर करें**, जो कि एक ऑस्ट्रेलियाई सरकारी संस्था है। AUSTRAC ऑस्ट्रेलिया की वित्तीय प्रणाली को आपराधिक दुर्व्यवहार से बचाने में मदद करता है और समुदाय को हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों से सुरक्षित रखने में मुख्य भूमिका निभाता है, जिसमें आतंकवाद भी शामिल है।

रजिस्टर हुए बिना प्रेषण सेवाएँ प्रदान करने वाली संस्थाओं पर भारी जुर्माने लागू होते हैं, जिसमें संभावी कारावास भी शामिल है।

भले ही आप अपने व्यापार के एक हिस्से के तौर पर कभी-कभार ही ये सेवाएँ प्रदान करें, परन्तु फिर भी आपको रजिस्टर करने की ज़रूरत है।

यदि आपको पक्का पता नहीं है कि आपको रजिस्टर करने की ज़रूरत है या नहीं, तो आप austrac.gov.au/start पर इसकी जांच कर सकते/सकती हैं।

बैंक या क्रेडिट यूनियन जैसे वित्तीय संस्थानों को रजिस्टर कराने की ज़रूरत नहीं होती है।

### आपको रजिस्टर करने की ज़रूरत क्यों है

अपराधी प्रेषण सेवा प्रदाताओं को निशाना बना सकते हैं ताकि वे वित्तीय प्रणाली के माध्यम से काले धन को छिपा सकें और स्थानांतरित कर सकें ताकि यह सब वैध प्रतीत हो। काला धन अक्सर गंभीर अपराधों के कृत्यों से जुड़ा होता है, जैसे कि मानव तस्करी और जबरन श्रम, बाल शोषण, हथियारों की अवैध बिक्री, नशीले पदार्थों की तस्करी, टैक्स की चोरी, ई-मेल और फोन से सम्बन्धित घोटाले और अन्य प्रकार की धोखाधड़ी।

गैर-रजिस्टर्ड प्रेषण डीलरों को आपराधिक शोषण का अधिक खतरा होता है क्योंकि उनके पास सुदृढ़ खतरा प्रबंधन और रिपोर्टिंग सिस्टम नहीं होते हैं। आतंकवादियों को पैसा भेजने के लिए इनका प्रयोग किए जाने का भी अधिक खतरा होता है।

रजिस्टर करने का अर्थ है कि AUSTRAC आपके साथ ऐसी जानकारी सांझा कर सकता है जिससे आपको अपने कानूनी दायित्वों का अनुपालन करने में मदद मिले। इस जानकारी से आपको अपराधियों और आतंकवादियों द्वारा आपके व्यापार का शोषण किए जाने के खतरे को महत्वपूर्ण तौर पर कम करने में मदद मिलेगी। रजिस्टर करने से AUSTRAC कोगलत काम करने वाले गैर-रजिस्टर्ड व्यापारों पर अधिक ध्यान देने में मदद भी मिलती है। इससे आप अपने व्यापार की प्रतिष्ठा बनाए रखने और प्रेषण सेवाएँ प्रदान करने वाले व्यापारों के लिए डि-बैंकिंग (अधिक खतरे वाले उपभोक्ताओं के साथ संबंध समाप्त करने और उनके एकाउंट बंद करने) के खतरे को कम करने में भी सहायता देते हैं।

## आपको आगे क्या करना चाहिए

यदि आप रजिस्टर हुए बिना प्रेषण सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं, तो ऐसा करना तुरंत बंद करें और रजिस्टर करने के लिए AUSTRAC से संपर्क करें।

> **महत्वपूर्ण**
> रजिस्टर करने के लिए स्वयं से AUSTRAC के साथ संपर्क करना बेहतर है बजाए इसके कि AUSTRAC यह पता लगाए कि आप गैर-रजिस्टर्ड प्रेषण सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

AUSTRAC के साथ एक प्रेषण सेवा प्रदाता के रूप में रजिस्टर्ड होने के बाद, आपको AUSTRAC के Remittance Sector Register (प्रेषण खंड रजिस्टर) पर सूचीबद्ध किया जाएगा।

आप Remittance Sector Register (प्रेषण खंड रजिस्टर) – austrac.gov.au/remittanceregister – पर यह जांच कर सकते/सकती हैं कि कौन-कौन रजिस्टर्ड है।

## रजिस्टर कैसे करें

रजिस्टर्ड प्रेषण सेवा प्रदाता बनने के लिए, आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप *AUSTRAC Business Profile Form* (*AUSTRAC व्यापारिक रूपरेखा फॉर्म*) पूरा करें जो www.austrac.gov.au/registernow पर उपलब्ध है। इसके बाद हम यह निर्धारण करने के लिए इस जानकारी का आकलन करेंगे कि क्या आपको AUSTRAC के साथ नामांकित और रजिस्टर किया जा सकता है या नहीं।

> हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध *AUSTRAC Business Profile Form (ABPF) Explanatory Guide* (*AUSTRAC व्यापारिक रूपरेखा फॉर्म (ABPF) व्याख्या संदर्शिका*) आपको इस फॉर्म कैसे भरने के लिए अंग्रेज़ी में क्रमवार निर्देश देती है।

आप प्रेषण सेवाएँ प्रदान करना केवल तभी शुरू कर सकते हैं जब आपके नामांकन और रजिस्ट्रेशन को AUSTRAC द्वारा स्वीकृति मिल चुकी हो, और आपने काले धन का अवैध व्यापार और आतंकवाद वित-पोषण विरोधी (anti-money laundering and counter-terrorism financing - AML/CTF) कार्यक्रम लागू किया है।

## रजिस्टर्ड होने के बाद आपके लिए यह आवश्यक है कि आप

1. AUSTRAC को कुछ निश्चित लेन-देनों और संदिग्ध मामलों की सूचना दें
2. यह निर्धारित करने वाली योजना तैयार करें कि आपका प्रेषण व्यापार अनुपालन संबंधी दायित्व कैसे पूरे करेगा, जिसमें काले धन के अवैध व्यापार और आतंकवाद वित्त-पोषण संबंधी खतरों की पहचान करना, उन्हें कम करना व उनका प्रबंध करना शामिल है
3. अपने अनुपालन दायित्वों से संबंधित रिकॉर्ड बनाकर रखें और AUSTRAC के पास एक अनुपालन रिपोर्ट जमा करें
4. AUSTRAC को अपने प्रेषण व्यापार में होने वाले महत्वपूर्ण बदलावों की सूचना दें।

आपको क्या करना चाहिए, इसके बारे में और अधिक जानकारी के लिए austrac.gov.au/obligations पर जाएँ।

**महत्वपूर्ण**

आप संदिग्ध गैर-रजिस्टर्ड प्रेषण डीलरों के बारे में AUSTRAC को सूचना देकर समुदायों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते/सकती हैं। गुमनाम रूप से सूचना देने के लिए, austrac.gov.au/report पर जाएँ।

गैर-रजिस्टर्ड प्रेषण सेवाएँ प्रदान करने वाले व्यक्ति और व्यापार को जेल में अधिकतम सात साल तक की सजा या अधिकतम $420,000 तक का जुर्माना या ये दोनों दंड दिए जा सकते हैं।

## और अधिक जानकारी

आप AUSTRAC के साथ रजिस्टर करने के बारे में और अधिक पता लगाने के लिए

- अंग्रेज़ी में और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए www.austrac.gov.au/registernow पर जा सकते हैं
- 1300 021 037 पर (ऑस्ट्रेलिया में लोकल कॉल की लागत पर) फोन कर सकते/सकती हैं
- contact@austrac.gov.au पर ई-मेल भेज सकते हैं

यदि आपको दुभाषिए की ज़रूरत है तो आप TIS नेशनल को 131 450 पर फोन करके '1300 021 037 पर AUSTRAC' के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं।